### एक नजर में

## सांदीपनि विद्यालय हेतु विधायक को ज्ञापन दिया कृति ने



**नीमच।** नीमच जिले में स्वीकृत सभी सांदीपनि, सीएम राइज विद्यालय भव्य आकार ले चुके हैं। केवल नीमच शहर की नवीन भवन अब तक नहीं बना है। अब जब शहर के बीचों बीच इस विद्यालय के निर्माण का प्रारम्भ होने जा रहा है तो खेल मैदान के नाम पर अड़ंगा लगाने का खेल शुरू हो गया है। जबकि इस विद्यालय भवन के साथ नवीन व आधुनिक खेल सुविधाएं भी विकसित होंगी जिसका लाभ अंततः नीमच और आस पास के खिलाड़ियों को ही मिलेगा। यही नहीं प्रकांक 2 विद्यालय मैदान के पुराने भवनों को हटाकर बनने वाला नवीन भवन विद्यार्थियों की सुरक्षा और आवागमन के हिसाब से भी सुविधाजनक होगा। इन्हीं सब तथ्यों को ध्यान में रखते हुए नीमच की अग्रणी साहित्यिक, सामाजिक संस्था कृति के सदस्यों ने अध्यक्ष ओमप्रकाश चौधरी के नेतृत्व में विधायक दिलीपसिंह परिहार को ज्ञापन देकर सांदीपनि विद्यालय का निर्माण शीघ्र शुरू कराने की मांग की है। संस्था के सचिव इन्दुमन पाराशर ने बताया कि विधायकजी ने संस्था की राय से सहमति व्यक्त करते हुए निर्माण शीघ्र प्रारम्भ कराने का भरोसा दिलाया। सांदीपनि विद्यालय भवन बनने से और अधिक विद्यार्थियों को सस्ती और गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर कृति के कोषाध्यक्ष राजेश जायसवाल, सहसचिव श्याम टांकवाल, पूर्व अध्यक्ष किशोर जेवरिया, डॉ पृथ्वीसिंह वर्मा, सत्येंद्र सिंह राठौर, पूर्व सचिव कमलेश जायसवाल आदि उपस्थित थे।

## पत्थर मारकर नाक तोड़ने वाले आरोपी को 1 वर्ष का सश्रम कारावास

**नीमच।** अंकिता गुप्ता, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, जिला नीमच के द्वारा अपने निर्णय में पत्थर मारकर फरियादी की नाक तोड़ने वाले आरोपी प्रकाश पिता बालमुकुंद राठौर, उम्र-40 वर्ष, निवासी-ग्राम गिरदौड़ा, जिला नीमच को धारा 325 भारतीय दण्ड संहिता, 1860 के अंतर्गत 01 वर्ष के सश्रम कारावास व 3000रू. अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी करने वाले एडीपीओ श्री राजेन्द्र प्रभुदयाल नायक द्वारा घटना की जानकारी देते हुए बताया कि घटना लगभग 7 वर्ष पूर्व की होकर दिनांक 14.07.2019 को सुबह के लगभग 11 बजे ग्राम गिरदौड़ा स्थित आरोपी प्रकाश के घर के पास की है। घटना दिनांक को फरियादी चन्द्रशेखर माली उसके घर से बाजार जाने के लिये आरोपी के घर के सामने से निकल रहा था, तभी आरोपी रास्ते में फरियादी के साथ विवाद करने लगा और पत्थर से उसके नाक पर मार दी। घटनास्थल पर उपस्थित आसपास के लोगो द्वारा बीच-बचाव किया गया, जिसके पश्चात फरियादी द्वारा घटना की रिपोर्ट पुलिस थाना नीमच सिटी पर की गई। फरियादी को मेडिकल कराये जाने पर पत्थर से मारपीट किये जाने के कारण उसकी नाक में फ्रैक्चर आना पाया गया। पुलिस नीमच सिटी द्वारा शेष आवश्यक अनुसंधान के उपरांत अभियोग-पत्र नीमच न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

## जनसुनवाई में 62 आवेदकों की समस्याएं सुनी



**नीमच।** अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक, उज्जैन जोन के निर्देशानुसार मंगलवार को पुलिस कंट्रोल रूम नीमच के सभाकक्ष में जिला स्तरीय जनसुनवाई, शिकायत निवारण एवं सीएम हेल्पलाइन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक राजेश व्यास ने की। शिविर के दौरान पुलिस अधीक्षक श्री व्यास ने सीएम हेल्पलाइन की लेवल-1, लेवल-2 एवं लेवल-3 की कुल 14 शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण कर उनका समापन कराया। वहीं जनसुनवाई में पहुंचे लगभग 62 आवेदकों की शिकायतें सुनकर संबंधित थाना प्रभारियों को उनके त्वरित एवं निष्पक्ष निराकरण के निर्देश दिए। शिविर में फरियादियों ने भूमि विवाद, पुलिस कार्रवाई एवं अन्य जनसमस्याओं से जुड़े प्रकरण पुलिस अधीक्षक के समक्ष रखे।

# भगवानपुरा चौराहा से दुकानों के हटवाए टीन शेड

**नीमच। शहर के प्रमुख मार्गों पर दुकानों के बाहर फुटपाथ पर कब्जा कर सड़क तक अस्थाई रूप से सामान रखकर, शेड लगाकर व पक्का निर्माण कर यातायात में बाधा उत्पन्न करने वाले व्यवसाईयों का अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई नगर पालिका परिषद नीमच की मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती दुर्गा बामनिया के मार्गदर्शन में निरंतर जारी है।**



सोमवार को अंबेडकर मार्ग पर कार्यवाही के बाद मंगलवार को नगर पालिका ने एसडीएम पराग जैन, तहसीलदार श्री संजय मालवीय व मुख्य नगर पालिका अधिकारी दुर्गा बामनिया के नेतृत्व में मनासा रोड डाक बंगले से पीजी कॉलेज तक अतिक्रमण हटाओ मुहिम चलाई और दुकानों के बाहर फुटपाथ व सड़क तक लगाए गए चद्दर शेड के साथ ही टीन शेड की दुकान बनाकर किए गए अतिक्रमण को हटाते हुए चेतावनी दी की यदि पुनः अतिक्रमण किया गया तो सामान जप्त करने के साथ ही भारी जुर्माना व अन्य कानूनी कार्रवाई की जावेगी।

**दुकानदारों में भी किया सहयोग**

भगवानपुरा चौराहा एवं अन्य स्थानों पर जब नगर पालिका का अमला अतिक्रमण हटाने पहुंचा तो अनेक दुकानदारों ने अपनी दुकानों के बाहर टीन शेड हेतु लगाए सेल्फ भी स्वयं हटाते हुए नगर पालिका कार्यवाही में सहयोग प्रदान किया।

# किसानों को नहीं मिला सोयाबीन फसल बीमा क्लेम : कलेक्ट्रेट में तहसीलदार को दिया ज्ञापन

**नीमच।** जिले की जीरन तहसील के आधा दर्जन से अधिक गांवों के किसान मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे और खरीफ वर्ष 2024-25 की सोयाबीन फसल का बीमा क्लेम नहीं मिलने पर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। किसानों ने जल्द से जल्द बीमा राशि उनके खातों में जमा कराने की मांग की। किसानों ने बताया कि धोकलखेड़ा, चलदु, अरनिया बोराना, मात्याखेड़ी, बरखेड़ा सौंधिया सहित आसपास के कई गांवों के किसानों के खातों में अब तक फसल बीमा की राशि नहीं पहुंची है। इससे किसानों में नाराजगी है।

**प्रीमियम जमा करने के बाद भी नहीं मिला लाभ**-ज्ञापन में किसानों ने कहा कि वे हर वर्ष शासन की योजना के तहत समय पर फसल बीमा प्रीमियम जमा करते हैं। इसके बावजूद खरीफ 2024-25 की सोयाबीन फसल का बीमा क्लेम अब तक नहीं मिला है, जिससे आर्थिक संकट गहरा गया है।

**प्रशासन से जल्द भुगतान कराने की मांग**-किसानों का कहना है कि बीमा राशि नहीं मिलने से वे किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) का ऋण नहीं चुका पा रहे हैं। फसल खराब होने के बाद बीमा क्लेम नहीं मिलने से खेती और पारिवारिक जरूरतों से जुड़े कई काम भी प्रभावित हो रहे हैं।किसानों ने जिला प्रशासन से मामले में तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की है। उन्होंने बीमा कंपनी और संबंधित विभाग को आवश्यक निर्देश जारी कर प्रभावित किसानों के खातों में जल्द बीमा राशि जमा कराने का आग्रह किया।

# जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनीं 147 आवेदकों की समस्याएं

**नीमच।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष, नीमच में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए 147 आवेदकों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्रत्येक प्रकरण का त्वरित, गुणवत्तापूर्ण एवं समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



जनसुनवाई में बोरदिया कलां के दुल्हेसिंह सौंधिया ने प्रधानमंत्री आवास प्लस सर्वे सूची में नाम शामिल कराने, कचौली की वरदीबाई ने खेत तक पहुंच मार्ग खुलवाने, केनपुरया के सूरज ने कोटवार पद पर नियुक्ति, लासूर के अशोक, कमलाशंकर एवं छगनलाल ने आवासीय पट्टा दिलाने, मनासा के मदनलाल ने भूमि पर अवैध कब्जा एवं प्रताड़ना करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई, अरनिया बोराना के गणेश कुमार ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, सेमली आंत्री के मांगूसिंह ने फसल बीमा दावा राशि का भुगतान, नीमच की आशादेवी गोयल ने भावांतर योजना की राशि दिलाने तथा बरड़िया जागीर की नंदकुंवर ने मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना का लाभ प्रदान किए जाने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किए। इसके अतिरिक्त जगेपुरमीणा के बंशीलाल, चौकड़ी के अखिलेश, आनंदपुरा के केशरसिंह, बावड़ा के परशराम पाटीदार, रेवली देवली के घनश्याम बैरवा, आंबा की मुन्नीबाई, नयाखेड़ा के हजारीलाल, केलूखेड़ा के कैलाशचंद्र पाटीदार सहित अन्य आवेदकों ने भी अपनी विभिन्न समस्याओं एवं मांगों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए।

# विकास नगर में सांडों का आतंक : दो सांडों की लड़ाई से प्रमुख मार्ग रहा बंद

**नीमच।** शहर में आवारा पशुओं की बढ़ती समस्या अब आमजन की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बनती जा रही है। सोमवार देर शाम करीब 8 बजे विकास नगर क्षेत्र में दो सांडों के बीच हुई भीषण लड़ाई से पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। दोनों सांड मुख्य मार्ग पर एक-दूसरे से भिड़ गए, जिससे सड़क पूरी तरह अवरुद्ध हो गई और लोगों में दहशत का माहौल बन गया।



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों सांड काफी देर तक एक-दूसरे पर हमला करते रहे। इस दौरान स्थानीय रहवासी सीए भावेश सिहल उनकी चपेट में आने से बाल-बाल बच गए। हालांकि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन सड़क किनारे खड़े चार दोपहिया वाहन और एक कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। वाहनों को भारी नुकसान पहुंचने से वाहन मालिकों में रोष देखा गया।

घटना के दौरान क्षेत्र में लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। सांडों की लड़ाई इतनी उग्र थी कि लोग काफी देर तक अपने घरों और दुकानों से बाहर निकलने की हिम्मत नहीं जुटा सके। राहगीरों को रास्ता बदलकर निकलना पड़ा, जबकि कई वाहन चालकों को लंबे समय तक इंतजार करना पड़ा।रहवासियों का आरोप है कि यदि समय रहते आवारा पशुओं को पकड़ने की प्रभावी कार्रवाई की जाती, तो इस तरह की घटना नहीं होती।

# उगरान में 61 लाख के विकास कार्यों की सौगात, सार्वजनिक डोम का भूमिपूजन

### गांवों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार सरकार की प्राथमिकता

**नीमच।** नीमच विधानसभा के दक्षिण मंडल अंतर्गत ग्राम उगरान में विधायक दिलीपसिंह परिहार ने ?12 लाख की लागत से बनने वाले सार्वजनिक डोम का भूमिपूजन किया तथा ?49 लाख की लागत से पूर्ण हुए विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण कर उन्हें ग्रामीणों को समर्पित किया। इस दौरान ग्रामीणों ने विकास कार्यों के लिए विधायक का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया।

विधायक परिहार ने कहा कि प्रदेश सरकार के सहयोग से नीमच विधानसभा के प्रत्येक गांव में विकास कार्य तेजी से कराए जा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार, बेहतर अधोसंरचना का निर्माण और जनसुविधाओं को सुदृढ़ करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि गांवों के सर्वांगीण विकास के लिए भविष्य में भी विकास कार्यों की गति इसी प्रकार जारी रहेगी।

कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष मदन गुर्जर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अर्जुनसिंह सिसोदिया, मंडल महामंत्री दिलीपसिंह चौहान, सरपंच संघ अध्यक्ष महेंद्रसिंह शक्तावत, मंडल उपाध्यक्ष कमलसिंह सिसोदिया, एडवोकेट लक्ष्मणसिंह भाटी, जनपद सदस्य मोहन सिंह जाट सहित भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

**एक नजर** | **प्रभावी प्रशासन और जवाबदेही पर कलेक्टर का जोर**

# समय-सीमा समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने विभागों की परखी प्रगति

**नीमच।** कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा (टीएल) समीक्षा बैठक में शासन की प्राथमिकता वाले कार्यों, सीएम हेल्पलाइन, राजस्व प्रकरणों तथा विभिन्न विभागों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी लंबित प्रकरणों का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक निराकरण सुनिश्चित किया जाए। आमजन से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा।



कलेक्टर श्री चंद्रा ने विभागवार सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा करते हुए कहा कि शिकायतों का निराकरण केवल पोर्टल बंद करने तक सीमित न रहे, बल्कि शिकायतकर्ता को वास्तविक राहत मिलनी चाहिए। उन्होंने 50 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण कर विभागीय रैंकिंग में सुधार लाने के निर्देश दिए। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी, जिला परियोजना समन्वयक तथा सभी शैक्षणिक संस्थानों के प्रमुखों को निर्देश दिए गए कि विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के 100 मीटर के दायरे में किसी भी प्रकार की नशीली वस्तुओं का विक्रय नहीं होना चाहिए। ऐसे मामलों की नियमित निगरानी करते हुए दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

कलेक्टर ने विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों को झूलते विद्युत तारों से संबंधित शिकायतों का तत्काल निराकरण कर आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए, ताकि संभावित दुर्घटनाओं की रोकथाम सुनिश्चित हो सके।

# मंदसौर

### एक नजर में

## राखी सत्रावाला बनीं महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष



**मंदसौर।** अखिल भारतीय महिला कांग्रेस द्वारा संगठनात्मक नियुक्तियों की घोषणा करते हुए राखी सत्रावाला को मंदसौर जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की ओर से जारी नियुक्ति सूची में राखी सत्रावाला का नाम मंदसौर जिले के लिए जिला अध्यक्ष के रूप में घोषित किया गया है। राखी सत्रावाला की नियुक्ति से जिले की महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में महिला कांग्रेस संगठन को नई मजबूती मिलेगी तथा जिले में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाने के साथ संगठनात्मक गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष राखी सत्रावाला ने अपनी नियुक्ति पर पार्टी के वरिष्ठ नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गईहै, उसका पूरी निष्ठा और सक्रियता के साथ निर्वहन करेंगी।उन्होंने कहा कि जिले में महिला कांग्रेस को मजबूत करने, अधिक से अधिक महिलाओं को संगठन से जोड़ने तथा महिलाओं से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाने के लिए निरंतर कार्य किया जाएगा।उनकी नियुक्ति पर कांग्रेस पदाधिकारियों, महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दी हैं।

## वर्तमान को बेहतर करने पर ध्यान दो : सागरचन्द्र सागरजी

**मंदसौर।** जीवन में व्यर्थ की चिन्ता नहीं करनी चाहिये, यदि हम कल की चिन्ता कर वर्तमान को खराब करेंगे तो यह हमारी मूर्खता ही होगी। जीवन में यदि हम कल की ज्यादा चिन्ता करते हैं तो उससे कोई लाभ नहीं है।आपकी चिन्ता से नियति नहीं बदलने वाली है अर्थात चिन्ता करने से आपका कल बेहतर हो जायेगा, ऐसा नहीं है इसलिये जीवन में कल की चिन्ता छोड़ें और केवल परमात्मा से नाता जोड़ें। उक्त उद्गार परम पूज्य जैन आचार्य श्री अशोक सागर सूरिश्वरजी म.सा. की पावन निशा में आयोजित धर्मसभा में मंगलवार को आचार्य श्री सागरचन्द्रसागरजी म.सा. ने कहे। आपने आर्यरक्षित जैन तीर्थ पर आयोजित धर्मसभा में कहा कि कल की व्यर्थ चिन्ता करने से वर्तमान खराब होता है।जो नियति में तय है वह होना ही है इसलिये कल क्या होगा यह चिन्ता छोड़ हमें वर्तमान को संवारने का प्रयास करना चाहिये। चिन्ता करने से समस्या का समाधान नहीं होता-आचार्य श्री ने कहा कि कल की चिन्ता कर आज दुखी नहीं होवे क्योंकि चिन्ता करने से कभी समस्या समाप्त नहीं होती। समस्याओं के समाधान के लिये परिश्रम करना पड़ता है चिन्ता नहीं।आपने कहा कि जीवन में हम कैसे कर्म करेंगे हमें वैसी गति मिलेगी। गति सुधारना है तो कर्म सुधारें, चिन्ता करने से कोई लाभ नहीं है। गृहस्थ जीवन की चिन्ता नहीं करे- आचार्य श्री ने कहा कि माता-पिता को यह चिन्ता रहती है कि विवाह के बाद पुत्र-पुत्री को उत्तम जीवन साथी मिलेगा या नहीं। बहू घर पर आयेगी तो गृहस्थी संभाल पायेगी या नहीं।बेटी ससुराल में खुश में है या नहीं? यह चिन्ता करने से कोई लाभ नहीं है क्योंकि गृहस्थ जीवन में सुख व दुख, धूप-छांव की तरह होते हैं जो आते जाते रहते हैं इसलिये इनकी चिन्ता मत करो। धर्मसभा में मंत्र विराने का धर्मलाभ वीरेन्द्र भण्डारी, अप्रेश भण्डारी व मोक्ष भण्डारी परिवार ने लिया। सहधर्मी स्वामीवात्सल्य का धर्मलाभ अरूण कुमार सागरमलजी जैन परिवार धमनार वाले ने लिया।

# पोस्टरों के जरिए दिया मलेरिया-डेंगू से बचाव का संदेश

**मंदसौर।** बारिश के मौसम में मच्छरजनित बीमारियों का खतरा बढ़ने के बीच स्वास्थ्य विभाग ने जन-जागरूकता अभियान तेज कर दिया है। इसी कड़ी में मंगलवार को शासकीय नर्सिंग कॉलेज में मलेरिया, डेंगू एवं चिकनगुनिया से बचाव को लेकर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं ने उत्साह के साथ भाग लेते हुए पोस्टरों के माध्यम से लोगों को मच्छरों से बचाव और स्वच्छता का संदेश दिया।



कार्यक्रम में जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. दीपा पाठक ने छात्राओं को मलेरिया, डेंगू एवं चिकनगुनिया के लक्षणों के साथ ही बचाव के उपायों की जानकारी दी। उन्होंने घरों एवं आसपास पानी जमा नहीं होने देने, कूलर और पानी की टंकियों की नियमित सफाई करने तथा '10 मिनट रोज-ड्राई डे' की आदत अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि मच्छरों के प्रजनन स्थलों को खत्म करना ही इन बीमारियों की रोकथाम का सबसे प्रभावी तरीका है। नर्सिंग कॉलेज की प्राचार्य आरती रामावत ने कहा कि बारिश के मौसम में स्वास्थ्य को लेकर विशेष सतर्कता जरूरी है।

बुखार को सामान्य समझकर नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। समय पर जांच और आवश्यक उपचार से बीमारी को गंभीर होने से रोका जा सकता है। उन्होंने छात्राओं से अपील की कि वे स्वयं जागरूक होने के साथ अपने आसपास के लोगों को भी मच्छरजनित बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक करें।

### परिसर में किया लार्वा सर्वे

कार्यक्रम के साथ स्वास्थ्य विभाग की मलेरिया टीम ने नर्सिंग कॉलेज परिसर में लार्वा सर्वे भी किया। इस दौरान संभावित मच्छर प्रजनन स्थलों की जांच की गई तथा आवश्यक स्थानों पर लार्वीसाइड का छिड़काव किया गया। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार अभियान का उद्देश्य नर्सिंग छात्राओं को 'स्वास्थ्य दूत' के रूप में तैयार करना है.

# नशा शौक का काम नहीं, मौत का दूसरा नाम है

- **नशे से दूर रहकर व्यशन मुक्त जीवन जियें और स्वास्थ्य रहें**
- **परामर्श : अच्छे स्वाथ्य के लिए नशे से दूर रहना जरूरी है**

**मंदसौर।** आजकल युवा और बच्चे नशे को शौक समझते है,जबकि नशा शौक नहीं, बल्कि मौत का दूसरा नाम होता है। नशीली बस्तुओं के पैकेट पर स्पस्ट रूप से लिखा होता है कि यह स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। यह परामर्श उत्कृष्ट बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुवासरा के छात्रों नवप्रभा संस्था की सचिव टीना सोनी ने दिया। उन्होंने कहा कि नशा सिर्फ जिंदगी ही नहीं, बल्कि एक माँ की मुस्कान भी छीन लेता है। नशा एक पिता के सपनों को चूर-चूर कर देता है। नशा एक बहन की राखी की उम्मीद को कमजोर कर देता है, एक छोटे भाई का आदर छीन लेता है। हमें स्वयं नशीली बस्तुओं से दूर रहना है और हर एक युवा को नशे के चुंगल में फँसने से बचाना है। भारत सरकार और राज्य सरकार नशा मुक्त समाज निर्माण के लिए निरंतर अभियान संचालित कर रही है। पुलिस विभाग के माध्यम से भी नशे से दूरी है जरूरी अभियान चलाया जा रहा है। किशोर न्याय कानून की धारा 77 और 78 में 18 साल से कम उम्र के बच्चों को तंबाकू उत्पादों, नशीली बस्तुओं का विक्रय दंडनीय माना गया है। यदि कोई बच्चे को गुटखा या बीड़ी बेचता है तो उसे 7 साल तक की जेल और एक लाख रुपये का जुर्माना हो सकता है। जागरूकता कार्यक्रम में नवांकुर संस्था नवप्रभा के आव्हान पर छात्रों ने नशा मुक्त जीवन का संकल्प लिया।

# मनुष्य की पहचान उसके वचनों से होती है : साध्वी श्री रत्नरिद्धि

**सीतामऊ।** चातुर्मास के पावन अवसर पर विराजित साध्वी श्री रत्नरीद्धि जी महाराज साहब एवं साध्वी श्री रत्नव द्धि श्री जी महाराज साहब के सान्निध्य में सकल श्रीसंघ में धार्मिक उत्साह का वातावरण बना हुआ है। प्रतिदिन प्रातःकाल मंदिर में भगवान का अभिषेक, विशेष पूजा-अर्चना एवं विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हो रहे हैं। वहीं बड़ी संख्या में श्रद्धालु तप, जप और आराधना कर धर्म लाभ अर्जित कर रहे हैं। मंगलवार को आयोजित धर्मसभा में साध्वी श्री रत्न रीद्धि जी महाराज साहब ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि मन की एकाग्रता से किया गया ध्यान ही मनुष्य को मुक्ति की ओर अग्रसर करता है। उन्होंने कहा कि कोई भी विचार पहले मन में उत्पन्न होता है और बाद में वचन के रूप में प्रकट होता है, इसलिए मन को सदैव निर्मल रखना चाहिए तथा किसी के प्रति बुरा विचार नहीं रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि सोने की पहचान कसौटी से होती है, जबकि मनुष्य की पहचान उसके वचनों से होती है। घरों में भगवान के चित्र लगाने चाहिए, जिससे उनके सकारात्मक संस्कारों का प्रभाव अच्छा पड़े। उन्होंने आगे कहा कि मनुष्य का चरित्र निर्मल एवं पवित्र होना चाहिए, जिसका प्रतिबिंब उसके आचरण में दिखाई दे। प्रत्येक व्यक्ति को पहले स्वयं का अवलोकन करना चाहिए तथा अपनी भाषा में सरलता, मधुरता और उच्च विचारों का समावेश करना चाहिए।

**एक नजर** | **पदाधिकारियों ने किया आत्मीय स्वागत**

# अजाक्स मंदसौर के जिलाध्यक्ष पद पर प्रहलाद सूर्यवंशी को पुन : कार्यकाल-वृद्धि

**नाहरगढ।** मध्य प्रदेश अजाक्स जिला मंदसौर के जिलाध्यक्ष प्रहलाद कुमार सूर्यवंशी के तीन वर्षीय कार्यकाल की पूर्णता के उपरांत प्रांताध्यक्ष द्वारा उन्हें पुनः जिलाध्यक्ष पद पर कार्यकाल-वृद्धि प्रदान की गई। इस अवसर पर प्रांतीय कार्यकारिणी, जिला, तहसील एवं ब्लॉक इकाइयों के पदाधिकारियों, संगठन के सदस्यों ने उन्हें आत्मीय शुभकामनाएँ दीं।



इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने भारत रत्न संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। तत्पश्चात मध्य प्रदेश अजाक्स के प्रांतीय संयुक्त सचिव जे. पी. अहिरवार ने प्रांताध्यक्ष द्वारा जारी कार्यकाल-वृद्धि संबंधी पत्र प्रहलाद कुमार सूर्यवंशी को प्रदान किया तथा उपस्थित साथियों ने पुष्पमालाएँ पहनाकर उनका स्वागत किया।

श्री सूर्यवंशी ने कार्यकाल-वृद्धि पर प्रांतीय नेतृत्व, समस्त पदाधिकारियों, सदस्यों एवं शुभचिंतकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि साथियों का विश्वास और सहयोग ही उनकी सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने कहा कि संगठन द्वारा सौंपे गए दायित्व का निर्वहन वे पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण के साथ करते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य करेंगे।इस अवसर पर मध्य प्रदेश अजाक्स के प्रांतीय संयुक्त सचिव जे. पी. अहिरवार, जिला उपाध्यक्ष रामनिवास सूर्यवंशी, जिला सचिव मनोज कुमार धनिया, जिला संयुक्त सचिव राकेश कुमार दांगी, जिला अध्यक्ष राजूलाल कटारा, जिला संयुक्त सचिव सुनील कुमार राठौर, मंदसौर ब्लॉक अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार गोयल, मंदसौर तहसील अध्यक्ष दिनेश सूर्यवंशी, मनोज सूर्यवंशी, गोपाल सुनार्थी, संयुक्त सचिव जवाहरलाल सुनार्थी आदि थे।